## संक्षिप्त

### गजल गीता का अभ्यास करवाया

**चूरू,( निसं )।** भास्कर भवन में सर्राफ फाउंडेशन की ओर से प्रत्येक रविवार को चल रही गीता क्लासेज में आज एकता लक्षिता शालिनी ने गजल गीत का वाचन किया। कार्यक्रम संयोजक संजय सिंघानिया ने बताया कि गीता क्लासेज में आज जनार्दन आचार्य ने बच्चों को नियमित पांच श्लोक, प्रार्थना और 12वें अध्याय के पाठ का वाचन करवाया। कार्यक्रम का षुभारम्भ मुंबई प्रवासी रामगढ़ निवासी देवकिशन जोशी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर लक्ष्मी, अनिल, पूनम वेब, प्रमोद गौड आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मोहित सिंघानिया, माधुरी, दिव्या व प्रियंका ने किया।

### बच्चों का 13 का अवकाश घोषित

**सीकर ।** जिले में शीतलहर एवं बढ़ती हुई ठण्ड के प्रकोप को दृष्टिगत रखते हुये जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने सीकर आपदा प्रबन्धन अधिनियम की प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये सीकर जिले में संचालित कक्षा 1 से 8 तक के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का 13 जनवरी 2025 का अवकाश घोषित किया है। यह अवकाश केवल विद्यार्थियों के लिए लागू रहेगा। शेष स्टाफ यथावत कार्य करता रहेगा। जिला कलेक्टर शर्मा ने जिले के समस्त संस्था प्रधानों को निर्देशित किया है कि वे इन आदेशों की अक्षरशः पालना करना सुनिश्चित करें।

### राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया

**सादुलपुर, (निसं)।** साँखू फोर्ट मे युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती रविवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। शाम पांच बजे दी जानकारी में आयुष योग प्रशिक्षक योगाचार्य नरेन्द्र भारतीय ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन व्रत प्रेरक प्रसंग पर प्रकाश डालते हुये उनके जीवन आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र विकास में जिम्मेदारी निभाने का आ ान किया। कार्यक्रम में शिक्ष्याविद बृजमोहन कारगवाल, उप प्राचार्य पुरुषोत्तम ब्लोदा, गोपीकृष्ण निमिवाल, योगेश कुमार, राजेश श्योराण, अनिल चौधरी, इंदु कुमार, गणेश सोनी व मंगेज टेलर आदि सहित युवाओं की भागीदारी रही।

### वर्चुअल लोकार्पण सम्पन हुआ

**सीकर ।** मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव बिडला सभागार जयपुर से मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के कर कमलो से रविवार को 3 करोड़ 29 लाख रूपये से सीकर में नवनिर्मित अरबन हाट कार्य का वर्चुअल लोकार्पण सम्पन हुआ, जिसमें उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर एवं उद्योग राज्यमंत्री के.के. विश्नोई मौजूद रहें।महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र सीकर विकास सिहाग ने बताया कि अरबन हाट में विधिवत रूप से मेलों का आयोजन किया जायेगा,जिसमें हस्तशिल्पी, बुनकरों, महिला स्वयं सहायता समूह तथा लघु उद्यिमयों को अपने उत्पादों के विक्रय के लिए बाजार उपलब्ध होगा ।

### सकराय धाम चुनडी पदयात्रा आज

**उदयपुरवाटी ।** कस्बे में जमात स्थित गणपति मैरिज गार्डन से सोमवार को शाकंभरी सकराय धाम चुनड़ी पदयात्रा निकाली जाएगी शाकंभरी कुटुंब परिवार के मूलचंद सैनी ने जानकारी देते हुए बताया है कि रविवार को गणपति मैरिज गार्डन में मैया के मंगल पाठ एवं कीर्तन का आयोजन किया गया और चुनरियों के रोल तैयार किए गए गणपति मैरिज गार्डन से 13 जनवरी को उदयपुरवाटी के मुख्य मार्गो से होती हुई शाकंभरी सकराय धाम पहुंचकर चुनरियों को माता के दरबार में अर्पित किया जाएगा चुनड पदयात्रा के दौरान रास्ते में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा ।

### सचिव,सहारण व नारू बने सह सचिव

**चूरू ।** शिक्षक भवन में मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन चूरू इकाई की वार्षिक आम सभा का आयोजन रविवार को शिक्षक भवन में समारोह पूर्वक सम्पन्न हुआ। मीडिया प्रभारी अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि रविवार को यूनियन के हुए चुनाव में सर्वसम्मति से ईश्वर सिंह नीमराना को चूरू यूनिट का सचिव, सुरजीत सहारण व इरशाद नारू को सह सचिव, अनिल सैनी को जिला कोषाध्यक्ष, विष्णु चौहान को सह कोषाध्यक्ष, नदीम खान, सीएससी सतीश कुमार, एसडब्लूसी देवाराम आदि को सर्वसम्मति से सदस्य नियुक्त किया गया।

# विद्यार्थियों को क्षेत्र व संस्कृति के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है : सुराणा

**चूरू ।** स्थानीय जैन श्वेताम्बर तेरापंथी बाल विहार विद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष में रविवार को यूथ फेयर 2025 का आयोजन हर्षोल्लास से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा थे। विशिष्ट अतिथि विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष डॉ. सूरजमल सुराणा, सचिव आनंद बालाण, जगदीश प्रसाद जांगिड, प्रधानाचार्य (हिन्दी माध्यम), विद्यालय कार्यकारिणी समिति सदस्य अजय शर्मा, रचना कोठारी, प्रभुसिंह गौड़, रवींद्र सिंह शेखावत व लेखाकार सुरेश शर्मा थे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रेमसिंह राठौड़ ने की। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों ने माँ सरस्वती, भगवान गणेश व स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम का आगाज छात्राओं ने गणेश वंदना रणत भंवर सूं आविया ओ बाबा की प्रस्तुति से किया। प्रधानाचार्य प्रेमसिंह



स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष में यूथ फेयर 2025 का आयोजन किया ।

राठौड़ ने आगंतुक अतिथियों का गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया। विद्यालय की छात्राओं ने पांवणिया थारी कांई मनवार करां गीत से स्वागत किया। इस दौरान जिला कलक्टर सुराणा ने छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार मॉडलों का अवलोकन कर उनकी जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन संबंधी प्रेरणा देते हुए कृषि एवं स्व-रोजगार हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष डॉ. सूरजमल सुराणा ने

■ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा थे

कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से छात्रों को न केवल अपने कौशल व प्रतिभा को निहारने का अवसर मिलता है बल्कि अपने क्षेत्र, संस्कृति व जीवन से जुड़े अन्य पहलुओं को भी जानने का अवसर मिलता है। सचिव आनंद बालाण ने ट्रस्ट संचालक व इसके न्यासियों का भौतिक व वित्तीय सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। विद्यालय कार्मिकों व छात्रों की अनुशासन, कृतव्य निष्ठा व विभिन्न प्रस्तुतियों के लिए सराहना की। प्रधानाचार्य प्रेमसिंह राठौड़ ने बताया कि विद्यालय समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन करवाता रहता है।

## कर्तव्य बोध पखवाड़े का आयोजन

**रतनगढ़** (निसं) राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने कर्तव्य बोध पखवाड़े का आयोजन संचियालाल बैद आदर्श विद्या मंदिर में महावीर प्रसाद सेवदा की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य विनोद सिसोदिया ने अपने संबोधन में कहा कि हमें निःस्वार्थ ,सजगता व त्याग की भावना से सभी कार्य सम्पादित करने चाहिए एवं सकारात्मक विचारो व उत्साह से अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सीताराम दाधीच, जगदीश प्रसाद शर्मा,शिवशंकर शर्मा, मनोज सारस्वत ने भी विवेकानन्द के जीवन पर अपने विचार व्यक्त किए।संगठन द्वारा समर्पित भाव से अपने कत्तव्यों का निर्वहन करने पर गिरधारी लाल स्वामी,पवन जोशी,रामावतार मेघवाल, नीतू वर्मा,शिवशंकर कम्मा का अभिनन्दन किया गया।इस अवसर पर निलेश इन्दौरिया ,जगनाराम सोड़ा, भूराराम शर्मा,भैराराम प्रजापत,श्री भगवान सुथार,अंजू चौहान ,अन्नम भारद्वाज ,ओमप्रकाश महर्षि ,अशोक गौड़, मुरलीमनोहर मंडगिरा सहित कई उपस्थित थे ।

# शनि महोत्सव का हुआ आयोजन

**खेतड़ी , ( निसं ) ।** सिंघाना कस्बे के शनि देव महाराज के मंदिर में मलमास के महीने में सर्व समाज की ओर से शनि महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान शनि महाराज को पोष बड़ा का भोग लगाकर प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरित किया गया। भार्गव समाज अध्यक्ष पिंटू भार्गव ने बताया कीकस्बे काशनिमंदिर काफी समय में बना है।

आस्था को लेकर आज तक लगातारशनिदेव की पूजा अर्चना काफी

■ शनि महाराज को भोग लगाकर प्रसाद किया वितरण

समय से चली आ रही परंपरा का कस्बेवासी निर्वहन करते आ रहे हैं।शनिमहोत्सवपर मंदिर में महाआरती, प्रसाद व मेले का आयोजन किया जाता आ रहा है।शनिजयंती पर मंदिर मेंशनिदेव के नो भाई बहनों की पूजा अर्चना की जाती है। सिंघाना कस्बे में अनेक बड़े-बड़े मंदिरों का निर्माण करवाया, जिसमेंशनिदेव का मंदिर भी



सर्व समाज की ओर से शनि महोत्सव का आयोजन किया ।

सम्मिलित है। मंदिर मेंशनिमहाआरती कर प्रसाद वितरण किया जाता है। उन्होंने बताया कि न्याय के देवता हमेशा ही भक्तों के हितकारी रहे हैं।कई वर्षो बादशनिदेव की पूजा का विशेष संयोग बना है। इसमें यदिशनिदेव के चरणों में सरसों का तेल चढ़ाया जाए, पीपल के वृक्ष के नीचे दीपक जलाया जाए तोशनिदेव प्रसन्न होकर भक्तों की पीड़ा हर लेते हैं।इस दौरानआसपास के गांव के लोगों ने भी मंदिर में पहुंचकरशनिदेव महाराज के सामने माथा टेक मनौती मांगी। रात्रि को भव्य रुप से भजन संध्या का आयोजन भी किया गया, जिसमें स्थानीय लोग गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकरशनिमहोत्सवका समा बांध दिया। इस मौके परजयप्रकाश, पालिका अध्यक्ष विजय कुमार पांडे, मुकेश सैनी, ओम प्रकाश गुप्ता, जगदीश सरपंच गुजरवास, गोपीचंद, कृष्णा भार्गव, रविंद्र भार्गव, ताराचंद भार्गव, ऋषि भार्गव, रमेश भार्गव, मुकेश भार्गव, सज्जन भोल्याण, रमेश भोल्याण, अनिल कुमावत, राधेश्याम पवार, प्रदीप पवार, पार्षद हेमंत शर्मा, शीशराम सैनी, रामचंद्र बडगूजर, मानसिंह बडगूजर, बाबूलाल कालोडिया, महिपाल मीणा, अशोक जाट सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में प्रभारी मंत्री शर्मा ने 557 युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

**सीकर ।** मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के तहत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार, 12 जनवरी को वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के 13 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र का वितरण कर तथा लगभग 31 हजार करोड रुपए के 76 हजार से अधिक विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर प्रदेशवासियों को विकास की सौगातें दी।

राज्य स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से प्रदेश भर को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केरियर डे पर स्वामी विवेकानंद को नमन करते हुए कहा कि युवाओं को अपनी अन्तर्निहित शक्तियों को पहचानकर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने युवाओं को असफलता से नही घबराने, मेहनत और निरन्तर प्रयास करने, गुमराह नही होने तथा मजबूती से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा राष्ट्र का निर्माण कर्ता है, ऐसे में उनकी भागीदारी से विकसित भारत की संकल्पना पूरी होगी। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विभागों में हुए विकास

■ प्रदेश के 13 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरण, 31 हजार करोड़ रूपये के 76 हजार से अधिक विकास कार्यो का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर दी सौगातें

कार्यो का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर प्रदेशवासियों को अनेक सौगातें दी।जिला मुख्यालय स्थित जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन हुआ। इस दौरान वन, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग मंत्री एवं सीकर जिले के प्रभारी मंत्री संजय शर्मा ने कुल नव चयनित 640 युवाओं में से 557 पंजीकृत कर्मयोगी युवाओं को नौकरी का नियुक्ति पत्र, मुख्यमंत्री का शुभकामना संदेश, वेलकम कीट प्रदान किया साथ ही उन्हें उनके नए कार्यक्षेत्र में सफलता की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस मौके पर कहा कि यह उत्सव प्रदेश सरकार की युवाओं को सशक्त बनाने और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने अभ्यर्थियों से अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करने का आ ान किया।

**किस विभाग में कितने युवाओ को मिली नियुक्ति :-** जिला कोषाधिकारी विक्रम सिंह भूकर ने बताया कि सबसे ज्यादा नियुक्ति वित्त विभाग में 280 युवाओं को कनिष्ठ लेखाकार के पद पर दी गई। इसके अलावा पुलिस विभाग में 100,चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में 161, अन्य विभागों में 16 युवाओं को विभिन्न पदो पर नियुक्ति पत्र सौंपे गए। जिले के प्रभारी मंत्री शर्मा ने डॉ. सुनिता, नरेन्द्र सैनी, हारून रशीद, मौनिका, अजय कुमार को प्रतिकात्मक नियुक्ति पत्र एवं वेलकम कीट दिये।

# विवेक चिंतन महोत्सव का हुआ आयोजन

**खेतड़ी , ( निसं )** खेतड़ी के रामकृष्ण मिशन आश्रम अजीत विवेक संग्रहालय में रविवार कोराष्ट्रीययुवादिवसके उपलक्ष पर विवेक चिंतन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष गीता सैनी, विशिष्ट अतिथि पार्षद लीलाधर सैनी, स्वामी प्रशांतानंद महाराज, जबकि अध्यक्षता मिशन सचिव स्वामी आत्मनिष्ठानंद महाराज ने की।

कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने रामकृष्ण परमहंस, माता शारदा देवी ,स्वामी विवेकानंद के प्रतीक चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की । कार्यक्रम के दौरान स्वामी आत्मानिष्ठानंद महाराज ने कहा कि स्वामी विवेकानंद पूरे विश्व केयुवाओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं। उनके जीवन से यदि प्रेरणा लेकर विद्यार्थी अपने भविष्य का निर्माण करें तो वे निश्चित ही अपने लक्ष्य की प्राप्ति करेंगे और भारत को अग्रणी पंक्ति में खड़ा करने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़ी एक एक घटना प्रत्येक भारतीयों के लिए प्रेरणादाई है, जिस प्रकार उन्होंने अध्यात्म और सनातन धर्म का विश्व में परचम लहराया वह सर्वविदित है। स्वामी विवेकानंद का खेतड़ी से गहरा नाता रहा। स्वामी जी अपने जीवन में तीन बार खेतड़ी आए और खेतड़ी नरेश राजा अजीत सिंह के साथ उनका मैत्रीय व गुरु शिष्य का रिश्ता आज भी चीर स्थाई है। स्वामी विवेकानंद को शिकागो धर्म सम्मेलन में भेजने का पूरा श्रेय खेतड़ी रियासत के राजा अजीत सिंह को जाता है। उन्होंने अपनी मित्रता का धर्म निभाते हुए स्वामी विवेकानंद को शिकागो धर्म सम्मेलन में 1893 में भेजा था, जिसके बाद स्वामी जी ने शिकागो धर्म सम्मेलन में सनातन धर्म का परचम लहरा कर पूरे विश्व में देश व खेतड़ी का नाम रोशन कर दिया था। जब स्वामी विवेकानंद शिकागो धर्म से लौटकर खेतड़ी आए तो राजा अजीत सिंह की ओर से भव्य उत्सव किया गया था और पूरे कस्बे में त्योहार के रूप में उत्सव मनाया गया था। इस दौरान स्कूली बच्चों व कॉलेज विद्यार्थियों की सामूहिक गान व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। मिशन की ओर से विजेताओं को अतिथियों ने पुरस्कृत किया।

# '13 दिन के बावजूद भी सरकार ने अभी तक नीमकाथाना की तरफ कोई ध्यान नहीं'

**पाटन ।** बढ़ती सर्दी के बावजूद लोग नीमकाथाना जिला हटाये जाने के विरोध में 13 वें दिन भी धरना स्थल पर बैठे रहे और सरकार का ध्यान आकर्षित करवाने के लिए ज्ञापन देते रहे, परंतु विडंबना कहें या सरकार का उदासीन रवैया कहें ,की 13 दिन बीत जाने के बावजूद भी सरकार ने अभी तक नीमकाथाना की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। संघर्ष समिति द्वारा दिए जा रहे धरने में विधायक सुरेश मोदी और श्रीमाधोपुर विधानसभा से क्षेत्र से विधानसभा प्रत्याक्षी बलराम यादव भी धरने स्थल पर प्रदर्शनकारियों के साथ अपनी एकजुटता दिखाई।

नीमकाथाना जिला बनाने की मांग को लेकर 13 वें दिन क्रामिक भूख हड़ताल पर श्रीराम मीणा, गिरधारी मीणा वार्ड न.06 पार्षद, कमल महराणियां वार्ड पार्षद, अभय डांगी वार्ड न. 09 पार्षद, राकेश जागिड़ वार्ड नं. 35 पार्षद, जयचंद डांगी को विधायक मोदी ने माला पहनाकर भूख





नीमकाथाना जिला हटाये जाने के विरोध में 13 वें दिन भी धरना स्थल पर बैठे रहे ।

हड़ताल पर बैठाया। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने नीमकाथाना जिले को यथावत रखने की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठ कर धरने को जारी रखा।

धरने स्थल पर उपस्थित लोगों को विधायक सुरेश मोदी ने कहा कि 13 जनवरी को होने वाली विशाल जनसभा को लेकर नीमकाथाना वासियों में काफी जोश देखने को मिल रहा है ,इस जोश को देखते हुए चारो तरफ कि विधानसभा से हजारो की तादाद में लोग पहुंच रहे हैं, जबकि विपरित मौसम के बावजूद भी यह जनसभा सफल होगी और राज्य सरकार के खिलाफ लोग आवाज उठायेंगे।

**आमजन की एक ही मांग है वह मांग नीमकाथाना जिला व सीकर संभाग को पुनः-** बहाल किया जाए अन्यथा परिणाम गंभीर होंगे। मोदी ने यह भी कहा कि इस महासभा मे लोगो की व्यापक भागीदारी से नीमकाथाना को जिला यथावत रखने के लिए राज्य सरकार पर दबाव बनाया जाएगा। विधायक मोदी ने स्थानीय जनता से एकजुट होकर सर्व समाज को शामिल होने का आहान किया और कहा कि सरकार पर दबाव बनाने के लिए यह जरूरी है कि हर नागरिक इस महा जनसभा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराए। उनका मानना है कि केवल एकजुट होकर ही हम अपनी आवाज को सशक्त बना सकतें है और नीमकाथाना जिला बनाने हक को प्राप्त कर सकते है। विधायक मोदी ने कहा कि कल कि इस महासभा में पूर्व मंत्री व राजस्थान कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, कांग्रेस प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली, सीकर सांसद अमराराम, विधायक विरेन्द्र सिंह ,पूर्व विधायक हाकिम अली, विधायक भगवानाराम सैनी, पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढा, पूर्व विधायक पूरणमल सैनी सहित सीकर संभाग के बड़े नेता शामिल होगे।

## सार-समाचार

### सम्मान समारोह आयोजित

**सादुलपुर, (निसं)।** राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर शाखा राजगढ द्वारा द्वारा शिक्षक संघ अम्बेडकर के लिए भूमि दान करने वाले भामाशाह का सम्मान समारोह किया गया। इस अवसर पर सैकडो शिक्षक उपस्थित थे। राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर शाखा राजगढ को भूमि दान करने वाले श्रीमान राकेश कुमार पूनिया उर्फ राका भैया का सम्मान साफा पहनाकर व शॉल ओढाकर, प्रतीक चिन्ह प्रदान किया। भामाशाह के साथ प्रताप सिंह ठेकेदार, चरणसिंह एडवोकेट, राजकुमार प्रजापत प्रोपर्टी डीलर का सम्मान भी किया गया। भामाशाह राकेश कुमार पूनिया उर्फ राका भैया ने संघ को 56 गुणा 51 फुट भूमि भवन बनाने के लिए दान की है। इस अवसर पर भामाशाह का दूरभाष से शिक्षा मंत्री मदन दिलावर व उनके ओएसडी पीए पुष्पतला मंडार ने सीधा सम्पर्क कर वीडियों कान्फ्रेंस द्वारा भामााशाह राकेश कुमार पूनियां उर्फ राका भैया तथा संघ के अध्यक्ष मानसिंह मेहरा का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर संगठन के सरक्षक रामकुमार धानिया, रघुवीर सिंह बाडेटिया तथा अजय पूनिया का भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर सुभाषचंद्र बागोत, चंद्रभान गोठवाल, जयवीर सिंह सिंघल, सीताराम सिंघल, ब्रह्मानंद मेहरा, सहीराम मेहरा, प्रवीण मेघवंशी, आईना मेघवंशी, अजय कुमार, तेजपाल बाडेटिया, भगवान सिंह दायमा, भगवान सिंह सिंघल, रिछपाल, सुनील बैरासर, पवन गोठवाल, राकेश गोठवाल, संगीता शिला, अनिता शिला, रतनलाल सोलडा, देवीलाल सोलडा, मनोज सोलडा, सेवानन्द चौहान, चंद्रभान मेहरा, चेतराम गोठवाल, मनीराम रंगा, रामनिवास तानांन, सतबीर तानांन, धर्मपाल शिला, संतलाल, अनिल सिरोवा व रामचन्द्र सिंह राठौड आदि सहित सहित सैकडों शिक्षक उपस्थित थे।

### पुण्यतिथि पर होगी धर्म ध्वजा की स्थापना

**राजलदेसर ।** राजलदेसर कस्बे में भोले बाबा बगीची में संत शिरोमणि पुष्कर नाथ महाराज की 19 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा । सोमनाथ महाराज के शिष्य सुरजीत नाथ महाराज ने बताया दिनांक 15 जनवरी को प्रातः 11:30 बजे भूमि पूजन एवं ध्वजा की स्थापना होगी । जिसमें राजलदेसर कस्बे के एवं आसपास के सैकड़ो श्रद्धालुगण उपस्थित होंगे कार्यक्रम में पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा मुख्य अतिथि होंगे। इसको लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही है इसके अलावा 26 जनवरी से रुद्र अन्नपूर्णा महायज्ञ एवं भागवत कथा का आयोजन होगा जो 1 1 फरवरी तक चलेगा जिसमें नापासर के पंडित प्रकाश शर्मा के सानिध्य में हवन यज्ञ संपन्न होगा साथ ही भागवत कथा का रसास्वादन वृंदावन के कथा वाचक हरि शरण महाराज के मुखारविंद से किया जाएगा । इसके अलावा मंदिर परिसर में रात्रि को प्रत्येक दिन भजन संध्या का आयोजन होगा एवं बसंत पंचमी 2 फरवरी को पावन पर्व पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा । जिसमें राजलदेसर के अलावा दूर दराज से हजारों श्रद्धालुगण महाप्रसाद ग्रहण करेंगे । इस से पूर्व अग्नि नृत्य का आयोजन होगा जिस पर सिद्ध संप्रदाय के व्यक्तियों द्वारा नंगे पाँवों से अंगारों पर नृत्य करेंगे एवं रात्रि को भजन संध्या होगी । आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां जोर से चल रही है ।

### ब्रह्मचारियों ने निकाली शोभायात्रा

**चूरू ।** सेठ जयदयाल गोयनका द्वारा स्थापित गीताप्रेस गोरखपुर द्वारा संचालित स्वामी रामसुखदास महाराज द्वारा सिंचित श्रीऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम में हनुमानजी महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का षुभारम्भ रविवार को किया गया। स्थापना पूजन के प्रथम दिवस पर बालाजी के अन्नाधिवास के पश्चात बालाजी महाराज का नगराटन करवाकर जलाधिवास करवाया गया। नगराटन व जलाधिवास कार्यक्रम में आश्रम के ब्रह्मचारियों, आचार्यों, कर्मचारियों व नगरवासियों ने आश्रम से श्रीराम मंदिर होते हुए गांधीनगर, बाबोसा मंदिर, धर्म स्तूप होते हुए आश्रम स्थित जोहड़ ब्रह्म सरोवर तक भजन कीर्तन के साथ शोभायात्रा निकाली। कार्यक्रम में ब्रह्मचारियों ने यज्ञशाला में हवन कर आरती में भाग लिया। प्राचार्य भवानीषंकर षर्मा ने बताया कि सोमवार को हनुमानजी महाराज का पुष्पाधिवास कर हवन किया जाएगा और बुधवार 15 जनवरी को प्रातः बालाजी महाराज की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा समारोह पूर्वक की जायेगी। प्राचार्य डॉ. भवानीशंकर शर्मा ने सपत्नीक पूजा अर्चना की।

### पिपराली ब्लॉक में टैबलेट का वितरण

**सीकर ।** राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना कक्षा 8, 10 और 12 के प्रतिभावान छात्रों को मेरिट में चयनित होने पर टैबलेट दिए जा रहे हैं। पिपराली ब्लॉक के कक्षा 8 कक्षा 10 और कक्षा 12 के 184 चयनित विद्यार्थियों को टेबलेट वितरण किया गया। पिपराली के आरपी अशोक मूंड ने बताया कि विद्यार्थियों को 3 साल का डाटा के साथ गैलेक्सी 9 प्लस विद्यार्थियों को दिया जा रहा है, जो उनके शिक्षण व्यवस्था में गुणवत्तापूर्ण वृद्धि करने में सहायक होगा। नवाचारी शिक्षक राजकमल जाखड़ ने बताया कि आज का समय टेक्नोलॉजी का समय है। सरकारी विद्यालय द्वारा ई-कक्षा, दीक्षा, मिशन ज्ञान तरह के अनेक पोर्टल स्वयं सरकार द्वारा संचालित हैं, जिसमे विद्यार्थियों के लिए अध्ययन सामग्री उपलब्ध करवाई जा रही है। राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है कि विद्यार्थियों को आधुनिक प्रौद्योगिकी का ज्ञान हो इसके लिए यह योजना चलाई जा रही है। इस अवसर पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राम नारायण चौधरी, रिसर्च पर्सन रवि जोशी ,जगदीश मील अरविंदपूनिया,आंचल चौधरी , बीरबल सिंह बिरख, गौरव ,राजकुमार, राधेश्याम, राकेश मील उपस्थित रहे।

### विवेकानंद जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई

**रतनगढ़, (निसं)।** शहर के अशोक स्तंभ के पास स्थित आर्या पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्वामी विवेकानंद जयंती को युवा दिवस के रूप में आर्या कला मंच के अध्यक्ष डॉ. अनुराग हारित की अध्यक्षता में मनाया गया। स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के साथ ही कार्यक्रम की शुरुआत की गई।मचासीन अतिथि के रूप में भारत विकास परिषद शाखा के प्रांतीय उपाध्यक्ष वासुदेव चाकलान,सचिव परमेश्वरलाल आत्रेय, आर्या विद्यालय परिवार के निदेशक शिक्षाविद अंबिका प्रसाद हारित,उप प्राचार्य सुभानी महर्षि उपस्थित थे। कार्यक्रम को प्रांतीय उपाध्यक्ष वासुदेव चाकलान, अंबिका प्रसाद हारित, शुभानी महर्षि ने संबोधित किया।आर्या कला मंच के अध्यक्ष डॉ हारित ने शाब्दिक स्वागत करते हुए कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रांतीय उपाध्यक्ष चाकलान ने सभी को राष्ट्रीय युवा दिवस की हार्दिक बधाई दी और कहा कि स्वामी विवेकानंद औपनिवेशिक भारत में युवाओं में राष्ट्रीयता की भावना जगाने के लिए जाने जाते हैं। स्वामी विवेकानंद के विचारों, उनकी दी गई शिक्षाओं से करोड़ों युवा प्रेरित होते है।

### छात्रा हिमांशी स्वामी को किया सम्मानित

**सादुलपुर, (निसं)।** शिव शक्ति प्रभात फेरी सादुलपुर के सदस्यों ने प्रभात फेरी पूर्ण लक्ष्मीनारायण मंदिर में छात्रा हिमांशी स्वामी को रविवार को सम्मानित किया। हिमांशी स्वामी 8 साल छात्रा है, जो बेहद रूचि से प्रभात फेरी में नियमित रूप से आती है और झांझ, मजीरा, खडताल आदि बजाती हुई प्रभात फेरी में भोर के भजन गाने में सहयोग करती है। छात्रा हिमांशी स्वामी को प्रोत्साहित करने और उसका मनोबल बढाने हेतु प्रभात फेरी सादुलपुर के सदस्यों ने छात्रा हिमांशी स्वामी को सम्मानित किया। गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति के मंत्री इन्दु कुमार गोस्वामी ने बताया कि शिव शक्ति प्रभात फेरी सादुलपुर का उद्देश्य गौ सेवा के साथ साथ लोगों में धार्मिक, आध्यात्मिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक, और सामाजिक जागृति लाने एवं मानवीय मूल्यों को विकसित कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने हेतु प्रेरित करना है। इन सभी कार्यो को सफल बनाने हेतु बच्चों को संस्कारी बनाने की आवश्यकता है इस लिए प्रभात फेरी सादुलपुर बच्चों को संस्कारी बनाने हेतु भी प्रयासरत है।

### नई विद्युत बिलिंग प्रणाली का शुभारंभ

**सादुलपुर, (निसं)।** सादुलपुर विद्युत निगम की ओर से नई बिलिंग प्रणाली का रविवार को शुभारंभ करते हुए लम्बोर गांव में स्थित मनसा माता मंदिर में पूजा अर्चना कर पहला बिल जारी किया गया। इसके अलावा दो विद्युत उपभोक्ताओं के भी बिल जारी किए गए। शाम पांच बजे दी जानकारी में विद्युत निगम के सहायक अभियंता दिनेश कुमार यादव ने बताया की नई बिलिंग प्रणाली के तहत मौके पर विधुत मीटर से रीडिंग लेकर और बिल जारी करना एवं मौके पर ही बिल जमा करने की उपभोक्ताओं को सुविधा उपलब्ध होगी। तथा उपभोक्ताओं को भी कम ज्यादा बिलिंग का संदेह नहीं रहेगा। तथा मौके पर बल मिलते ही जमा करवाने के बाद बकाया भुगतान और विद्युत कनेक्शन काटने जैसी स्थिति का भी सामना नहीं करना पडेगा। इस मौके पर कनिष्ठ अभियंता रोहित कवंल, सहायक राजस्व अधिकारी वीरेंद्र सिंह, सुरेंद्र एवं सूबे सिंह आदि भी उपस्थित थे।